मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-566
16/12/2025

# मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में एक माह के वेतन का चेक सौंपा

**पटना, 16 दिसम्बर 2025 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में अपने एक माह के वेतन का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के प्रभारी अधिकारी–सह–मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों, समाज के समृद्ध एवं समर्थ लोगों से अपील की है कि वे मुख्यमंत्री राहत कोष में अधिक से अधिक राशि दान करें ताकि आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों की अधिक से अधिक मदद की जा सके।

******